Sl. No	Name & Location of Complex	Area (Hectr.)
16.	Sports Field D-II, Sector-Vll, rohini	3.34
17.	Sports Field D-II, Sector-VIII, Rohini	3.34
18.	Park & Play Ground around Babawal Bagh, Sector-19, Samypur, Badli, Rohini	5.00
19.	Park & Play Ground, Block-D, Sector XVI, Rohini	3.00
20.	Newly cleared area, Gulabi Bagh	3.00
21.	Park & Wood Land between Rly. line G.T. Karnal Road, Gulabi Bagh	1.85
22.	Sports Field at Ashok Vihar, Phase II	4.74
23.	CHBS at Mandawali Fazalpur	3.82
24.	CHBS at Mandawali Fazalpur	1.10
25.	CHBS Mandawali Fazalpur, Phase III	2.49
26.	Sports Field infront, Block-A, Nand Nagari	5.50

पशुपालन क्षेत्र में अनुदानों का गबन किया जाना

2795. **श्री नागमणि** : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि **:**

(क) क्या सरकार को संसद सदस्यों से बिहार में पशुपालन माफिया द्वारा सरकारी अनुदानों का गबन किए जाने के संबंध में कोई शिकायतें प्रात्प हुई हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा दोषी पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम) : (क) जी, हां । बिहार में पशुपालन में लिप्त माफिया द्वारा 1990 से मार्च, 1992 के दौरान जारी किए गए अनुदानों के कथित दुरुपयोग के बारे में संसद सदस्यों से शिकायतें प्राप्त हुई हैं । चूंकि शिकायत मे उठाए गए मुद्दे बिहार सरकार के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आते हैं, अतः मामले में उचित जांच पड़ताल तथा तत्काल कार्रवाई के लिए इन शिकायतों को बिहार सरकार को भेज दिया गया था ।

बिहार राज्य सरकार ने हाल ही में यह जानकारी दी है कि राज्य पशुपालन विभाग में न तो कोई पशुपालन माफिया लिप्त है और न ही अनुदान राशियों का कोई दुरुपयोग किया गया है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

बिहार सरकार द्वारा मांगी गई सहायता

2796. **श्री जनार्दन यादव** : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि **:**

(क) क्या बिहार सरकार ने प्रधान मंत्री से राज्य में बाढ़ पीडितों की मदद के लिए एक हजार करोड़ रुपये की राशि शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया है;

(ख) क्या राज्य सरकार ने बाढ़ से हुए नुकसान के संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और सरकार ने राज्य सरकार की भावी मांग को पूरा करने के लिए कुल कितनी राशि देने का वायदा किया था और कुल कितनी राशि जारी की गई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम) : (क) बिहार सरकार से बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास कार्यो के लिए राष्ट्रीय आपदा राहत निधि से 975.80 करोड़ रुपये की सहायता के लिए एक ज्ञापन प्राप्त हुआ था बाढ़ में राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय दल को 1102.28 करोड़ रुपए की आवश्यकता बताई गई थी ।

(ख) और (ग) राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय दल को प्रस्तुत की गई सूचना के अनुसार बाढ़ से 24 जिलों में 67.00 लाख की जनसंख्या प्रभावित हुई थीं जिसमें 528 लोगों की मौतें हुई और 2.92 लाख मकान क्षतिग्रस्त हुए थे । भारत सरकार ने वर्ष 1995-96 के लिए आपदा निहित में केन्द्र के अंश की सम्पूर्ण राशि जारी कर दी है जो 36.78 करोड़ रुपए हैं ताकि राज्य सरकार राहत कार्य कर सके ।